दूरभाष.– 05946-264531

ई–मेल: pmbridculhld@gmail.com

CIN No.- U45203UR2008SGC032591

# BRIDCUL (ब्रिडकुल)

## ब्रिज, रोपवे, टनल एण्ड अदर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड

*(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)*

**पूर्व में उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास निगम लिमिटेड**

**परियोजना इकाई–हल्द्वानी**

**इकाई कार्यालयः रौतेला कॉलोनी, छोटी मुखानी, पो0ऑ0–बड़ी मुखानी, हल्द्वानी, नैनीताल–263139**

पत्रांकः 409 / ब्रिडकुल / 376 / 2021 दिनांकः 12 / 03 / 2021

सेवा में,

प्राचार्य,
राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी,
नैनीताल।

**विषयः–राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में स्टेट कैंसर संस्थान की स्थापना किए जाने के सम्बन्ध में।**

**सन्दर्भः–आपका पत्रांक 7356 / जीएमसी / एल–1 / भूमि दिनांक 09.03.2021।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के माध्यम से आपके द्वारा विषयांकित परियोजना में उपलब्ध 4.25 हे0 वन भूमि के हस्तान्तरण के क्रम में भारत सरकार के पत्रांक 8बी. / यू.सी.पी. / 09 / 21 / 2021 / एफ0 सी0 / 2373 दिनांक 26.02.2021 के माध्यम से चाही गई सूचनाओं के बिन्दु संख्या 9 एवं 10 से सम्बन्धित सूचनाएं तत्काल उपलब्ध कराए जाने हेतु अनुरोध किया गया है, जिस क्रम में बिन्दुवार सूचना निम्नवत हैः–

1. <u>बिन्दु संख्या 9:–</u> परियोजना हेतु प्रस्तावित भूमि समतल होने के कारण कोई पहाड़ कटान का कार्य किया जाना प्रस्तावित नहीं है। परियोजना के किसी भी भवन में बेसमेन्ट का प्राविधान नहीं किया गया है। परियोजना के अन्तर्गत भवन में केवल नींव खुदाई का कार्य ही प्रस्तावित है। नींव खुदाई से प्राप्त मिट्‌टी की मात्रा को भवन की बैकफिलिंग में उपयोग में लाया जाएगा, जिसके दृष्टिगत परियोजना के निर्माण में Muck Disposal की आवश्यकता नहीं होगी। इस कारण Muck Disposal Plan संलग्न नहीं किया गया है।
2. <u>बिन्दु संख्या 10:–</u> परियोजना के अन्तर्गत प्रस्तावित भवनों, आन्तरिक सड़कों एवं पार्किंग को दर्शाते हुए सम्पूर्ण भूमि पर परियोजना का ले–आउट प्लान / कॉन्सेप्ट प्लॉन संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

अतः उपरोक्तानुसार सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**<u>संलग्नः–उपरोक्तानुसार।</u>**

भवदीय,

(इं0 गम्भीर सिंह)
परियोजना प्रबन्धक

**प्रतिलिपिः–निम्नांकित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

1. निदेशक, स्वामी राम कैंसर संस्थान / स्टेट कैंसर संस्थान, हल्द्वानी।
2. प्रबन्धक (सम्पत्ति एवं परियोजना), राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी।
3. महाप्रबन्धक (सिविल), ब्रिडकुल, देहरादून।
4. परियोजना पत्रावली।

परियोजना प्रबन्धक

# PROPOSED SITE PLAN OF STATE CANCER INSTITUTE AT HALDWANI DIST: NAINITAL

## TOTAL LAND 4.25 HECTARE

